प्रशासनिक सूझबूझ से ही होगा जनसमस्याओं का समाधान
ब्रह्माकुमारी संगठन में प्रशासकों का सज़्मेलन आरंभ

माउंट आबू 4 जुलाई। हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति, यातायात, पर्यटन मंत्री करणदेव कज़्बोज ने कहा है कि प्रशासनिक सूझबूझ से ही जनसमस्याओं का समुचित निराकरण होने पर सामाजिक ढांचे को सही दिशा मिल सकती है। ब्रह्माकुमारी संगठन द्वारा विश्वस्तर पर किया जा रहा लोककल्याण का कार्य सही प्रशासन की वजह से फलीभूत हो रहा है। वे शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञान सरोवर में प्रशासक प्रभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सज़्मेलन के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को अध्यात्म से जोड़कर उनके चरित्र का उत्थान करना बहुत बड़ा पुण्य कार्य है। कुशल प्रशासक वही है जो संगठन का प्रशासक बनने से पहले स्वयं के जीवन को अनुशासित करना सीख ले। यथार्थ संकल्प, बोल व कर्म जीवन को महान बनाते है। जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में सुख, शान्ति का अनुज़्व करना सरल हो जाता है। प्राचीन संस्कृति के रीतिरिवाजों व परंपराओं का सज़्मान करने से ही समाज में मूल्य कायम रहेंगे। जीवन में बढ़ता तनाव अनावश्यक सोच व इच्छाओं का परिणाम है। साईंस के बढ़ते संसाधनों के चलते मनुष्य की जीवनशैली भी अव्यवस्थित होने पर अनेक प्रकार की बीमारियां अपने पांव पसार रही हैं।

संगठन की सुयक्त मुज़्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने कहा कि मूल्यों से संपन्न प्रशासक चुनौतियों को खेल की तरह पार करने में सफल होते हैं। मूल्य आधारित प्रशासन ही जनता की संवेदनाओं को समझकर उनका समाधान करने को प्राथमिकता देता है।

दिल्ली केरिपुबल अतिरिं त महानिदेशक पी. वी. के. रेड्डी ने कहा कि समाज के लोगों को जागरूक करना कुशल प्रशासक का कर्तव्य है। ऊंचे पदों पर पदस्थ लोग जब स्वयं नियमों का पालन करते हैं तो वह समाज आवश्यक रूप से अनुशासन में रहता है।

केन्द्रीय कामर्स एंड इंटस्ट्री अतिरिक्त सचिव जे. के. दादू ने कहा कि सामाजिक क्रियाकलापों के दबाब में भी सत्यनिष्ठा को कायम रखना आदर्श प्रशासक की निशानी है। ब्रह्माकुमारी संगठन समूचे विश्व में सकारात्मक बदलाव में प्राथमिकता से अपनी भूमिका अदा कर रहा है।

दिल्ली प्रसार भारती सदस्य सुरेशचंद्र पाण्डा ने कहा कि लोभ रूपी अवगुण सत्यनिष्ठा को प्रभावित करता है। अपने परिवार की तरह समाज के साथ भी स्वयं को ईमानदारी से प्रतिबद्ध करना चाहिए।

सज़्मेलन में ब्रह्माकुमारी संगठन के अतिरिक्त मुज़्य सचिव बृजमोहन, प्रभाग अध्यक्ष बी. के. आशा बहन, मुज़्यालय संयोजक बी. के. हरीश आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

04एमएबी1,2

माउंट आबू। ज्ञान सरोवर में आयोजित प्रशासक प्रभाग सज़्मेलन को संबोधित करते हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री करणदेव कज़्बोज व उपस्थित सज़्मेलन सहभागी।